**मौसम का मिजाज** शाम ढलते ही मौसम ने करवट ली और ठंड का असर बढ़ गया, दिन में खिली धूप

# सुबह और रात कोहरे की आगोश में रहा शहर



**जबलपुर।** शनिवार की रात और रविवार की सुबह शहर कोहरे की आगोश में रहा। ठंडी हवाएं चली जिससे कंपकंपी छूटी। ठिठुरने वाली सर्दी का एहसास हुआ। इतना घना कोहरे रहा कि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कोहरे के चलते वाहनों की लाइट जलानी पड़ी। हालांकि दिन चढ़ने के साथ सूर्यदेव ने दर्शन दे दिए और गुनगुनी धूप लोगों को भांति रही। शाम ढलते ही मौसम ने करवट ली और ठंड का असर बढ़ गया।

### ऐसा रहा पारा

20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 93 और शाम को 68 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं 2 से 3 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी पवनों में गर्त (ट्रफ) के रूप में दिखाई देने वाला एक पश्चिमी विक्षोभ, जिसकी धुरी औसत समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर स्थित है, वर्तमान में उत्तर तक विस्तृत है। औसत समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर लगभग 150 नॉट की कोर पवन गति वाला उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट प्रवाह उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर निरंतर विद्यमान है।

### श्रीधाम, नागपुर शहडोल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें घंटों लेट



**जबलपुर, नवभारत।** कड़ाके की सर्दी और कोहरे ने सबसे अधिक असर रेल यातायात पर डाला है रविवार 4 जनवरी को गाडियों की लेटलतीफी जारी रही। जबलपुर आने वाली श्रीधाम एक्सप्रेस जहां 4 घंटा 30 मिनट लेट तो बेंगलुरु (एसएमवीबी) दानापुर स्पेशल गाड़ी 13 घंटा से ज्यादा विलंब से चलती रही जिससे यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा था। जबलपुर पहुंचने वाली 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 4.30 घंटा, 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस 1.15 घंटा, 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 5 घंटा, 61617 इटारसी-कटनी मेमू 1 घंटा 15 मिनट, 51674 नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर 1 घंटा 30 मिनट, 03679 धनबाद-कोयम्बटूर 3 घंटा, 03246 बेंगलुरु-दानापुर 13.20 घंटा लेट थी इसके अलावा यूपी-बिहार से आने वाली कई गाडियां रात में व सुबह तड़के भी 1 से 2 घंटा लेट पहुंची।

# क्या प्रभारी प्राचार्य जांच को कर रहे प्रभावित?

**धर्मांतरण के आरोप और जर्जर भवन को लेकर प्रभारी प्राचार्य की भूमिका कटघरे में**



**नवभारत, जबलपुर।** हवा बाग चर्च में 20 दिसंबर को हुई कथित धर्मांतरण की घटना को लगभग 15 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक निष्पक्ष जांच न होने के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि शासकीय दृष्टिबाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पद पर बने रहकर जांच को प्रभावित कर रहे हैं और बयानों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में यह भी कहा गया है कि जब तक प्रभारी प्राचार्य शिवेंद्र सिंह परिहार को पद से नहीं हटाया जाता, तब तक निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। सूत्रों के अनुसार 19 दिसंबर को चर्च जाने वाले छात्रों की जानकारी से इनकार किया गया, जबकि उसी दिन शाम 5 से 7 बजे के बीच संबंधित संयोजक से मुलाकात कार्यालय स्टाफ के सामने हुई थी, जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से संभव बताई जा रही है।

### बिना अनुमति विद्यालय परिसर में हुआ भंडारा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2026 को विद्यालय परिसर के साईं मंदिर में समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसकी अनुमति न तो विभाग से ली गई और न ही स्कूल प्रशासन से। इसे भी गंभीर अनियमितता मानते हुए संज्ञान में लेने की मांग की गई है।

### जर्जर भवन से छात्रावास अभी तक नहीं किया शिफ्ट

विद्यालय भवन के जर्जर होने के बावजूद छात्रावास को प्रभारी प्राचार्य द्वारा किराए की इमारत में शिफ्ट न किए जाने से अभिभावकों में भय का माहौल है, जिससे छात्र नामांकन प्रभावित हो रहा है। फरवरी-मार्च में होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसको लेकर कुछ विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा आरोप लगाते हुए मामले की शीघ्र, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# डॉक्टर की हत्या करने वाले कातिलों तक पहुंची पुलिस



**सीसीटीव्ही से मिला क्लू संदेहियों से पूछताछ**

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार को दिनदहाड़े डॉक्टर को स्कार्पियों से बाहर निकालकर सरेराह चाकुओं से एक दर्जन वार कर हत्या करने वाले कातिलों तक पुलिस पहुंच गई है । सीसीटीव्ही फुटेज से मिले क्लू के बाद संदेहियों से पूछताछ चल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अंधी हत्या का खुलासा कर दिया जायेगा।

विदित हो कि डॉक्टर अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू 27 वर्षीय निवासी पाटन भुवारा गांव का शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर से उज्जैन जाने के लिए स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 टीबी 0383 लेकर निकला था। रास्ते में उसकी स्कार्पियों बंद हो गई थी। शनिवार को वे सहजपुर फ्लाईओवर के पास वाहन को सुधरवाने के लिए मैकेनिक को बुलाया था जो पार्ट्स लेकर बाजार गया। अभिषेक कार के अंदर गेट खोलकर बैठा था तभी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच दो बाइकों से आधा दर्जन बदमाश पहुंचे और अभिषेक को जबरन स्कार्पियों से बाहर निकाले वे कुछ समझ पाता इसके पहले ही उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ 12 वार कर उसकी हत्या कर दी थी। सीएसपी अंजुल अयक मिश्रा ने बताया कि आरोपित सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए है फुटेज के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

### रामपुर में मिली लापता युवक की लाश

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में शनिवार से लापता युवक की लाश रविवार को मिली। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति माया राजपूत 44 वर्ष निवासी ललपुर ने सूचना दी कि शनिवार सुबह 10 बजे पति अजय राजपूत 40 वर्ष घर से अपनी मोटर सायकिल एमपी 20 एस वाय 5584 से काम करने का कहकर निकले थे पति अत्याधिक शारब पीने के आदि थे जो रात में घर नहीं आये थे उसे जानकारी मिली कि पति अजय रामपुर में मनीष चौपाटी के पास मृत अवस्था में पड़े है। मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चल सका। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# बाइकों में भिड़ंत, युवक की मौत, एकता मार्केट के पास हुआ हादसा



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत एकता मार्केट के पास बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शरद पटेल 40 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास सालीवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भांजा अजय पटेल 29 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया (रघुवीर) बरेला का सेंटिंग का काम करके चग्गर फार्म तिलहरी से रात लगभग 7-30 बजे अपने घर हिनोतिया अपनी मोटर सायकल से जा रहा था जैसे ही एकता मार्केट के आगे बबलू साहू की पंचर की दुकान के सामने पहुंचा तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 21 एमसी 1563 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये भांजे को टक्कर मार दिया, जिससे भांजे अजय पटेल के सिर सीना चेहरे में चोटें आईं जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसके भांजे का मृत घोषित कर दिया।

### हाईवे में ट्रक की टक्कर से पलटी कार, सात लोग घायल

बरेला थाना अंतर्गत नहर पुल के पास बरेला हाईवे पर ट्रक की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 7 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुध सिंह 25 वर्ष निवासी भटरा मोहल्ला रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके साथ उसके चाचा रूप सिंह एवं चाचा के साथी सुरेश, दीपेन्द्र सोनी, राजधर, अंचल सेन एवं नेपाल यादव सभी ओमनी क्रमांक एमपी 15 बीए 2059 से सहजपुर से मटर तुडाई कर वापस आ रहे थे बीती रात 12-10 बजे नहर पुल के पास बरेला हाईवे रोड पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक सीजी 10 बीजी 7866 का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ओमनी में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे ओमनी कार पटल गयी, जिससे सभी को चोटे आ गयी, सभी को जबलपुर के अस्पताल भिजवाया है।

### इधर कारों में भिड़ंत

गोरखपुर थाना अंतर्गत शंकरशाहर के पास कारों में भिड़ंत हो गई। पुलिस के मुताबिक पराग नेमा निवासी शंकर शाह रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कलेक्टर कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है। उसके घर के पास ईको स्टार कार क्रमांक एमपी 51 सी ए 0397 के चालक ने वाहन को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी कार में टक्कर मार दिया ।

# डरा रही नाले-नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइन

**शहर में 80 प्रतिशत पेयजल पाइपलाइन का है यही हाल**
**लोगों के घरों में आ रहा मटमैला पानी दे रहा लीकेज की गवाही**



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है इसकी कोई गारंटी नहीं है क्योंकि जमीनी स्तर पर जो तस्वीरें व हालात सामने नजर आ रहे हैं वो हैरान कर देने वाली हैं। ऐसे में शहरवासियों को इंदौर की भागीरथपुरा की घटना याद करते हुए डर सताने लगा है। भले ही नगर निगम प्रशासन द्वारा दावा किया जा रहा हो कि लैब में टेस्टिंग के बाद शहर में हर जगह शुद्ध पानी ही पहुंच रहा है लेकिन पेयजल वितरण व्यवस्था इन दावों पर प्रश्न चिह्न लगाते भी दिख रही है। जानकारी के अनुसार शहर के करीब 80 प्रतिशत पेयजल पाइपलाइन नाला-नालियों के बीच से होकर गुजरी है। वहीं शहर में स्वच्छ जल आपूर्ति के नाम पर नगर निगम सालाना करीब 12 करोड़ रुपये पाइपलाइनों के रखरखाव और मरम्मत पर खर्च कर रहा है। इसके बावजूद, शहर की जल वितरण व्यवस्था आज भी गंदी नालियों के जाल से मुक्त नहीं हो पाई है। बस विडंबना यह है कि अधिकांश पाइपलाइनें 50 वर्ष से अधिक पुरानी हो चुकी हैं, जिन्हें अब तक नहीं बदला गया है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौतें हुईं थीं जिसके बाद मध्यप्रदेश के सभी नगरीय निकायों में पेयजल वितरण व्यवस्था कटघरे में खड़ी हो गई थी।

### संक्रामक बीमारियों की जद में आने लगे लोग

ऐसे में क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों के कारण नालियों का दूषित पानी रिसाव के जरिए घरों तक पहुंच रहा है और लोग ये पानी पीने से पेट दर्द और अन्य संक्रमण जैसी बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। इन दिनों यह स्थिति शहर की घनी बस्तियों में सबसे अधिक देखने मिल रही है। आलम ये है कि शहर के कई इलाकों के घरों में नलों से गंदा पानी आने की भी शिकायतें पिछले कुछ दिनों से लगातार आ रही हैं। इसकी मुख्य वजह जानकार बता रहे हैं कि पेयजल वितरण की पाइप लाइन में बारीक लीकेज होगा जिस कारण दूषित व मटमैला पानी नलों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस थाने के पास, रसल चौक, चौथा पुल, यादव कॉलोनी, राइट टाउन, बल्देवबाग, नया मोहल्ला श्रीनाथ्र की तलैया गए्रढाफाटक , गोहलपुर रद्दी चौकी में नाले-नालियों के बीच में से पाइप लाइन होकर गुजरी है।

# दो सूने घरों के टूटे ताले, जेवर, नगदी चोरी

**जबलपुर।** संजीवनी नगर में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर जेवर नगदी पार कर दी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि श्रीमति पूजा राजपूत 34 वर्ष निवासी नव निवेश कालोनी फेस 2 महाराणा प्रताप वार्ड गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बच्चों के साथ रिश्तेदारी में छिंदवाड़ा गयी थी पति घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने काम से मंडला चले गये थे। छिंदवाड़ा से वापस आयी मेन गेट के अंदर ताले टूटे पड़े थे बेडरूम में जाकर देखी आलमारी खुली थी सामान बिखरा पड़ा था जिसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, टीव्ही ड्राज में रखे नगदी 90 हजार गायब थे। इसी प्रकार हरजीत सिंह ठाकुर 32 वर्ष निवासी पुष्पनगर पीताम्बरा टेंट हाउस के पास पीएचई कालोनी संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर में लॉक लगाकर परिवार सहित भोपाल गया था। वापस आया तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामने के दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा था अंदर जाकर देखा कबर्ड के अंदर रखे सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट, चैन, मंगलसूत्र, नगदी 65 हजार रूपये गायब थे।

# जनहित के 4 मामलों में मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग
हम सब बराबर
बराबर हमारे अधिकार

**संबंधितों को निर्देश देकर प्रतिवेदन किया तलब**

**नवभारत, जबलपुर।** जनहित के 4 मामलों में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संबंधितों को कार्यवाही का निर्देश देकर प्रतिवेदन तलब किया है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि शहर के चार मामलों में जनहित में संज्ञान लेकर आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, सम्बन्धितों को कार्यवाही का निर्देश देकर प्रतिवेदन तलब किया है।

शहर के सिंधी कैंप बाबा टोला में कच्ची शराब के सेवन करने से एक ही बस्ती में विगत 6 माह में 19 युवकों की मृत्यु होने की घटना सामने आई थी जिसमें आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### जर्जर भवन में खतरे के बीच पढ़ रहे बच्चे

शहर के कछपुरा स्थित भूलन के शासकीय प्राथमिक स्कूल का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंचने का मामला सामने आया था इसमें आयोग ने जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।वहीं शहर के अधिकांश सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिये फर्नीचर नहीं होने का मामला सामने आया है। जिसमें आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है। इसके साथ ही गढ़ा स्थित छोटी बजरिया क्षेत्र के कई मोहल्लों में कचरा गाड़ी और स्ट्रीट लाइट के बंद पड़े होने का मामला सामने आया था, जिस पर आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57